प्रेषक,

सचिव
माध्यमिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश

पत्रांकः मा०शि०प०/मुख्या०/गोप०/ 195 दिनांकः 12-2-26

विषयः वर्ष 2026 की परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने एवं उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की गरिमा के संबंध में।।

महोदय,

अवगत कराना है कि वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएँ दिनांक 18 फरवरी 2026 से प्रारम्भ होकर 12 मार्च 2026 को सम्पन्न हो रही हैं जिनकी निष्पक्षता और गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि उत्तर-पुस्तिकाओं के संकलन और मूल्यांकन की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और मानक अनुरूप हो।

पूर्व के अनुभवों के आधार पर यह देखा गया है कि कतिपय परीक्षार्थी अनजाने में या भ्रामक धारणाओं के वश उत्तर-पुस्तिकाओं के भीतर मुद्रा (धनराशि) नत्थी कर देते हैं। ऐसी क्रियाएँ न केवल परीक्षा के अनुशासन के विरुद्ध हैं, बल्कि परीक्षार्थी के भविष्य को भी प्रभावित कर सकती हैं।

अतः इस संबंध में जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों को निम्नलिखित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया जाता है:-

- परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों को पूर्व में ही सूचित किया जाए कि उत्तर-पुस्तिका के भीतर किसी भी प्रकार की अवांछित सामग्री या मुद्रा रखना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। कक्ष निरीक्षकों को भी निर्देशित किया जाए कि वे इस पर सतर्क दृष्टि रखें।

- यदि संकलन या मूल्यांकन के दौरान किसी उत्तर-पुस्तिका में मुद्रा प्राप्त होती है, तो उसे तत्काल नियमानुसार राजकोष में जमा कराया जाए। ऐसी घटनाओं की सूचना अविलंब जिला विद्यालय निरीक्षक को दी जाए ताकि उत्तर प्रदेश सार्वजनिक